CURRENT AFFAIRS

DATE: 25-JUNE-2020

DAY FACT

25 JUNE **: In the year *1975*, the then President of India Fakhruddin Ali Ahmed officially issued the declaration of Emergency Rule under Article 352 (1) that was withdrawn on 21 March, 1977**

1. 24 जून को वर्ष 1869 में भारत के किस क्रांतिकारी अमर शहीद का जन्म हुआ था ?

1. तारा सिंह
2. दामोदर हरी चापेकर
3. भगत सिंह
3. सुखदेव

उत्तर– दामोदर हरी चापेकर

24 जून को वर्ष 1869 में भारत के क्रांतिकारी अमर शहीदों में से एक दामोदर हरी चापेकर का जन्म हुआ था। दामोदर हरी चापेकर और उनके दोनों भाई बालकृष्ण चापेकर तथा वासुदेव बाल गंगाधर तिलक से प्रभावित थे और चापेकर बन्धु नाम से प्रसिद्ध थे।

2. बिहार विधानसभा चुनाव से पहले किस पोलिटिकल पार्टी के उपाध्यक्ष रघुवंश प्रसाद सिंह और 5 विधान पार्षद ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है?

1. भारतीय जनता पार्टी
2. राष्ट्रीय जनता दल
3. जनता दल यूनाइटेड
4. कांग्रेस

उत्तर– राष्ट्रीय जनता दल

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय जनता दल पोलिटिकल पार्टी के उपाध्यक्ष रघुवंश प्रसाद सिंह और विधान पार्षद ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इनमें से 5 विधान पार्षद जनता दल यूनाइटेड पार्टी में शामिल हो गये हैं।

3. एसबीआई की इकोरैप रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2021 में भारत की जीडीपी ग्रोथ में कितने फीसदी की गिरावट का अनुमान जताया गया है?

1. 2.8 फीसदी
2. 4.8 फीसदी
3. 6.8 फीसदी
4. 8.8 फीसदी

उत्तर– 6.8 फीसदी

एसबीआई की इकोरैप रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2021 में भारत की जीडीपी ग्रोथ में 6.8 फीसदी की गिरावट का अनुमान जताया है। रिपोर्ट के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था को रिकवरी मं 4 साल तक का समय लग सकता है।

4. माइक्रोसॉफ्ट ने अपने कौन से पॉपुलर वर्क इंटरेक्शन प्लेटफॉर्म ऐप का नया वर्जन लांच किया है?

1. एमएस एक्सेल
2. एसएस वर्ड
3. एमएस पॉवरपॉइंट
4. टीम्स

उत्तर– टीम्स

माइक्रोसॉफ्ट ने पॉपुलर वर्क इंटरैक्शन प्लेटफॉर्म ऐप टीम्स का नया वर्जन लांच किया है। जोकि पर्सनल वर्जन है, जिसमें प्रोफेशनल वर्जन की तरह ही फीचर्स दिए हैं। लेकिन इस पर्सनल अकाउंट से ही इस्तेमाल किया जा सकेगा।

5. किस राज्य के सहारनपुर में 50 लाख साल पुराना स्टेगोडॉन प्रजाति के हाथी का जीवाश्म मिला है?

1. बिहार
2. उत्तर प्रदेश
3. झारखंड
4. पंजाब

उत्तर– उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में 50 लाख साल पुराना स्टेगोडॉन प्रजाति के हाथी का जीवाश्म मिला है। इस प्रजाति के हाथी अब विलुप्त हो चुके हैं। शिवालिक वन प्रभाग के सहारनपुर वन क्षेत्र में सर्वेक्षण के दौरान यह सफलता मिली है।

6. हाल ही में पीएम केयर्स फंड ने कितने स्वदेशी वेंटिलेटरों के लिए 2000 हजार करोड़ रूपये आवंटित किये?

1. 15 हजार
2. 35 हजार
3. 50 हजार
4. 55 हजार

उत्तर– 50 हजार

हाल ही में पीएम केयर्स फंड ट्रस्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सरकार द्वारा संचालित कोविड अस्पतालों को 50 हजार स्वदेशी वेंटिलेटरों की आपूर्ति के लिए 2000 करोड़ रूपये आवंटित किए हैं।

7. निम्न में से किस राज्य सरकार ने हाल ही में प्रज्ञान भारतीय योजना शुरू की है?

1. पंजाब
2. बिहार
3. असम
4. केरल

उत्तर– असम

असम सरकार ने प्रज्ञान भारती योजना शुरू की हैं। इस योजना के तहत छात्रों को सरकार के दायरे में विभिन्न कॉलेजों ओर स्कूलों में प्रवेश पाने के लिए प्रवेश शुल्क की पेशकश की जाएगी। सरकार शैक्षिक ऋण के लिए छात्र को 50000 रूपये की एकमुश्म सब्सिडी देने के लिए तैयार है।

8. हाल ही में राजस्थान सरकार ने किस रसाई योजना को लांच करने की घोषणा की?

1. इंदिरा रसोई योजना
2. जवाहर रसोई योजना
3. गांधी रसोई योजना
4. जन रसोई योजना

उत्तर– इंदिरा रसोई योजना

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कोरोना के खिलाफ लड़ाई में जन जागरण अभियान की शुरूआत करते हुए कहा है कि राजस्थान में अब कोई भूखा नहीं सोएगा। इसी योजना पर सरकार प्रति वर्ष 100 करोड़ रूपये खर्च करेगी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को दो समय का शुद्ध पौष्टिक भोजन रियायती दर से उपलब्ध कराया जाना है।

mystudyguru.in

9. इनमें से कौन सा फुटबॉल खिलाड़ी इटेलियन फुटबॉल लीग सीरी–ए में सबसे ज्यादा गोल करने वाले पुर्तगाली खिलाड़ी बन गया है?

1. क्रिस्टियानो रोनाल्डो
2. लियोनेल मेस्सी
3. रोजर फेडरर
4. इनमें से कोई नहीं

उत्तर– क्रिस्टियानो रोनाल्डो

युवेंटस के फॉरवर्ड क्रिस्टियानो रोनाल्डो हाल ही में इटेलियन फुटबॉल लीग सीरी–ए में सबसे ज्यादा गोल करने वाले पुर्तगाली खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होनें बोलोग्ना के खिलाफ मैच में पेनल्टी के जरिए गोल करके 43 गोल पूर करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है।

10. विश्व एथलेटिक्स ने किसे हाल ही में वैश्विक विकास प्रमुख के तौर पर नियुक्त किया है?

1. वारेन बफ्फेट
2. लॉरेंट बोक्विलेट
3. जेम्स कैमरून
4. जेम्स एंडरसन

उत्तर– लॉरेंट बोक्विलेट

विश्व एथलेटिक्स ने हाल ही में लॉरेंट बोक्विलेट को वैश्विक विकास प्रमुख के तौर पर नियुक्त किया है। इस पोस्ट की नियुक्ति के लिए विश्व स्तर पर उपयुक्त अधिकारी की खोज जनवरी 2020 में की गई थी।